हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 9 अगस्त 2025

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 रक्षाबंधन आज, बहनें पूरा दिन बांध सकेंगी...



07 इस वर्ष माटी गणेश की स्थापना व पूजन के ...



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिकों व आश्रितों का सम्मेलन 12 अगस्त को

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 12 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से संकल्प फाउंडेशन, पचमढ़ी रोड, पिपरिया में आयोजित होगा। कमांडर अनुराग सक्सेना, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, नर्मदापुरम द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं का समाधान करना है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने तहसील के समस्त पूर्व सैनिकों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया है कि वे इस सम्मेलन में अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

### जिला रेडक्रास साधारण सभा की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार, जिला रेडक्रास शाखा नर्मदापुरम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में 25 अगस्त 2025 को दोपहर 3:00 बजे से रेवा सभा कक्ष कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की गई है। बैठक में जिला रेडक्रास प्रबंध समिति सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा, जिसमें जिला रेडक्रास समिति के समस्त पंजीकृत संरक्षक आजीवन सदस्य भाग ले सकते हैं।

### विकास को लेकर बेहतर 10 पंचायत होंगी पुरुस्कृत

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में आये दिन योजनाओं में किये गए कार्यों को लेकर प्रदेश में नर्मदापुरम का नाम रोशन रहा है नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत द्वारा लगातार जिले में जमीनीस्तर से भृमण कर योजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी कर रहे हैं। वहीं जिले की अलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है।

### शांति और हर्षोल्लास के साथ सुबह 7.30 बजे से मुहूर्त में बंधेगी रखी

# रक्षाबंधन का पर्व आज, बहने भाईयों की कलाई पर बांधेगी रक्षा का सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्षाबंधन, भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक है। जिले भर में शनिवार को मनाया जाएगा। कल शनिवार को बहनें अपने भाई की कलाई पर राखियां बांध कर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करेंगी। वहीं भाई अपनी बहन की हमेशा रक्षा करने का वचन देंगे। वहीं जिले भर में भाई अपने बहनों के घर पर पहुंचेगें और बहनों से रक्षासूत्र बंधवाएंगे। वहीं दूसरी ओर नव विवाहिता बेटियां अपने भाईयों के घर पहुंचकर उन्हें रक्षासूत्र बांधेगी। वहीं रक्षाबंधन पर्व को हर्षोल्लास से शांतिपूर्वक मनाने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लिये गये हैं। साथ ही राखी बाजार, हाट बाजार, और अन्य चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

जिले भर में आज रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं एक दिन पूर्व एसपी गुरकरन सिंह को छात्राओं ने रक्षासूत्र बांधे।



### 11:48 बजे से 12:22 तक रहेगा अभीजीत मुहुर्त

प. प्रदीप दुबे ने बताया कि शुभमुहुर्त 7.30 से 9 बीच में उसके बाद अभीजित महुर्त सुबह 11:48 से दोपहर 12:22 मिनट तक रहेगा। अभिजीत महुर्त में रक्षासूत्र बांधा श्रेष्ठकर माना जाता है। हालाकि राखी बांधने का सिलसिला सुबह 7.30 बजे के बाद शुरू हो जाएगा जो दिन भर जारी रहेगा।

### छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक सहित स्टाफ को बांधे रक्षासूत्र

नर्मदापुरम में स्कूल की छात्राओं ने एसपी और एएसपी को इको फ्रेंडली राखी बांधी गई। रक्षा बंधन से एक दिन पूर्व शुक्रवार को नितिन साईं चाइल्ड केयर स्कूल मिसरोद की छात्राएं एसपी ऑफिस पहुंची। एसपी डॉ. गुरकरन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र एवं कार्यालय स्टाफ को राखी बांधी। छात्राओं ने अनाज, पुष्प, धागा और पत्ती से बनी इको-फ्रेंडली राखियां तैयार कीं। जिससे पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक मूल्यों का संदेश दिया गया। स्कूल संचालक नवीन गौर ने बताया रक्षाबंधन पर्व को प्रकृति-हितैषी तरीके से मनाना और पुलिस के प्रति सम्मान एवं भाईचारे का संदेश देना था। एसपी, एएसपी ने भी छात्राओं से कहा कि कभी भी कोई परेशानी हो तो पुलिस को बताएं। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर स्कूल संचालक नवीन गौर, सालनी राय, पार्वती गौर सहित छात्राएं सुहानी चौबे, शीतल गौर, सरगुन मेहरा, वंशिका गौर और शिवानी इरपाचे उपस्थित रहीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एपं स्टाफ ने छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी।

### बाजार हुआ तैयार लाखों का होगा कारोबार

हर वर्ष की भांति नर्मदापुरम में राखी बाजार सजा हुआ है। वहीं व्यापारियों को इस वर्ष लाखों का कारोबार होने की उम्मीद है। शहर के व्यापारियो ने कई स्थानों से अनेक प्रकार की राखियां मंगाई है वहीं दूसरी ओर सामाजिक संगठनों और संस्थाओं द्वारा इको फ्रेंडली राखियों का उपयोग करने लोगों को सलाह दी जा रही है।

## खाद्य विभाग की टीम ने बस से पिपरिया आ रहा मावा पकड़ा

### टीम ने लिए सैंपल, मावे की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रक्षाबंधन त्योहार से पहले मिलावटी मावे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की है। गुरुवार रात बस स्टैंड पर खंडवा से आई बस से 300 किलो मावा जब्त किया गया। एसडीएम नीता कोरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बस (एमपी04पीए3783) की डिक्की से मावा बरामद किया। यह मावा खंडवा से बुक किया गया था और नर्मदापुरम तथा पिपरिया पहुंचाया जाना था। टीम ने मावे के सैंपल लिए हैं। त्योहारों के समय मिलावटी और अमानक खाद्य सामग्री की बिक्री बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए खाद्य



सुरक्षा अधिकारी की टीम बाजार में निगरानी कर रही है। एसडीएम नीता कोरी, आर आई गजेंद्र जाटव और खाद्य विभाग के कमलेश दियावर की टीम ने अब तक करीब 300 किलो अवैध मावा जब्त किया है।

### रोजगार मेले का आयोजन 20 अगस्त को

**नर्मदापुरम।** शहर में 20 अगस्त को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन होगा। जो शासकीय महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर कॉलेज, इटारसी में सुबह 11 से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में अलग-अलग कंपनियों और विभागों द्वारा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां से युवा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां अपना पंजीयन कर सकते है। युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में परियोजना अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड जिला नर्मदापुरम, कुटी ग्राम उद्योग नर्मदापुरम, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं पशु पालन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आदि अधिकारी शामिल होंगे।

## रक्षाबंधन के अवसर पर राज्यसभा सांसद नारोलिया ने गृह मंत्री अमित शाह को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्र रक्षा, संगठन और सेवा के प्रतीक, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सादर भेंटकर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर नारोलिया ने शाह को गृह मंत्री के रूप में उनके अब तक के ऐतिहासिक, यशस्वी और सबसे लंबे कार्यकाल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल न केवल राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला है, बल्कि संगठनात्मक नेतृत्व, दूरदर्शिता और भारत माता के प्रति अटूट निष्ठा का उदाहरण भी है।

इस अवसर पर सांसद नारोलिया ने मध्य प्रदेश राशन दुकान संचालक विक्रेता तुलावटी जनकल्याण संघ से प्राप्त मांग पत्र को सौंपा। इस पर माननीय गृह मंत्री शअमित



शाह ने मध्य प्रदेश राशन दुकान संचालक विक्रेता तुलावटी जनकल्याण संघ की मांगों का अध्यन कर उचित कार्रवाही कर निराकरण का आश्वासन दिया।।

## द चैम्प्स फन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया राखी उत्सव, बच्चों ने बांधे रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में आज प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों द्वारा राखी उत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, विद्यालय की निदेशिका जूही चटर्जी, उप-प्राचार्य एस के मिश्रा एवं एडमिन ऑफिसर विनिता जसलानी उपस्थित रहा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के रामायण हॉल में किया गया, जहाँ प्री-प्राइमरी के सभी बच्चे एकत्रित हुए। छोटे-छोटे बच्चे अपने घर से



राखी और मिठाई लेकर आए थे। छात्राओं ने अपने सहपाठी बालकों को पारंपरिक विधि से राखी बांधी और भाई-बहन के पवित्र संबंध का उत्सव मनाया। इसके बाद विद्यालय की निदेशिका जूही चटर्जी एवं प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने बच्चों के साथ मिलकर पेड़ों को राखी बांधी, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पेड़ो को रक्षा सूत्र बांधने का यह क्रम पिछले दो दशक से लगातार जारी है जिसमें बच्चों को जागरूक किया जाता रहा है।

### केले से भरा ट्रक पलटा 2 घायल, इलाज जारी

**पिपरिया।** में बनखेड़ी रोड पर सरस्वती शिशु मंदिर के पास शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। केले से भरा एक मिनी आईसर ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में दो लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक के स्लिप होने से यह दुर्घटना हुई है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शी मनजिंदर सिंह के अनुसार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास केले से भरा हुआ ट्रक पलट गया था। ट्रक के पलटने की आवाज सुनकर स्कूल के दो ड्राइवर गोलू भारती और ऋतिक कुशवाहा मौके पर पहुंचे। और घायलों को निकाला।

## सीएमओ ने किया बाजार का निरीक्षण, राखी बाजार को व्यवस्थित लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राखी बाजार को व्यवस्थित लगाने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए आज नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे ठेले खड़ें न हों अगर ऐसा होता है उन्हें तत्काल हटाकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाएं। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर राखी बाजार को व्यवस्थित किया जा रहा है। सीएमओ श्रीमती पटले के साथ उपयंत्री दीक्षा तिवारी द्वारा राखी बाजार का निरीक्षण



किया गया। सीएमओ पटले द्वारा निरीक्षण के दौरान व्यापारियों की समस्याओं का भी समाधान किया गया। राजपूत ने बताया कि राखी बाजार की लगातार मानिटरिंग की जा रही है। साथ ही बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे ठेले लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को भी समझाइश दी जा रही है। उन्हें हटाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान राजस्व शाखा की टीम भी मौजूद थी। राखी बाजार को व्यवस्थित करने के लिए नगरपालिका द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। सभी लोग मिलकर जुलकर नगरपालिका की टीम का सहयोग करें। रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाएं। राखी बाजार में यहां वहां ठेले खड़े न करें। यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे इस बात का ध्यान रखें।

## नन्हे बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन बांधे एक दूजे को रक्षा सूत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महादेव वेलफेयर सोसाइटी ने शुक्रवार को गवर्मेंट स्कूल आई. टी. आई. में रक्षाबंधन कार्यक्रम किया बच्चियों से राखी बंधवाई एवं उपहार में सभी बच्चों को पेन, पेंशिल, रबर, कटर, कलर पेन, चॉकलेट, आदि बांटी गई। इस दौरान महादेव वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव जिला संरक्षक बीभूती ठाकुर, योगेंद्र पटेल, जिला सचिव रजत यादव, जिला मीडिया प्रभारी दीपक साहू, जिला सह संयोजक छत्रपाल ठाकुर, जिला सह मंत्री अनुराग गौर आदि मौजूद रहे।

## आप ही देश का भविष्य हो, अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ो: विधायक विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आप ही भारत का सुनहरा भविष्य हो। आप दृढ़ता से आगे बढ़ो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो। छात्र परिषद गठन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को मेरी शुभकामनाएं। यह बात सोहागपुर क्षेत्र के विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह ने शुक्रवार को समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में छात्र परिषद के निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि राजनीति के क्षेत्र को लोग अच्छा नहीं मानते, इस कारण अच्छे लोग आने से कतराते हैं। मेरी आपको सलाह है कि आप जनसेवा के संकल्पों, विकास के



रोडपेम के साथ राजनीति में आएं और इसे गंगा की भांति पवित्र कर दें, जैसे हमारे वर्तमान नेता नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि परिषद की निर्वाचन प्रक्रिया से आपको लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के सहायता मिलेगी। उन्होंने विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष शर्मा की प्रशंसा करते हुए कि उनके कार्य सनातन को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में अभूतपूर्व हैं। उन्होंने द शर्मा के आध्यात्मिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, सुनील रघुवंशी, आरके सिंह, आरके रघुवंशी, विक्रांत खम्परिया, सचिन खम्परिया, सिम्मी झा आदि उपस्थित। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

## नगर मंडल की तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई । मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया की पार्टी 10 से 15 अगस्त तक विभिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान सामूहिक तिरंगा यात्रा विभाजन विभीषिका 14 अगस्त एवं 16 अगस्त को स्व.कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्म जयंती एवं स्व.अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्य तिथि व अन्य कार्यक्रम किये जाने है। इन संदर्भ को लेकर जिला भाजपा कार्यलय में बैठक संपन्न हुई ।

बैठक में जिला महामंत्री प्रसन्न हर्णे जी ने बताया की सभी कार्यकर्मों में शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ बढ़ चढ़कर सम्मिलित हो तथा हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात विभाग व प्रशासन की अनूठी पहल

# बहनों ने भाइयों को बांधा हेलमेट रूपी रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रक्षा बंधन भाई और बहन के प्रेम का त्यौहार है जिसमें बहन भाई के हाथों में रक्षा सूत्र बांधती है और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। मगर यह ज़रूरी है कि रक्षा के वचन को पूर्ण करने के लिए भाई को सुरक्षित रहना होगा। वर्तमान परिदृश्य में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि और दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु संख्या को देखते हुए रक्षा बंधन के पुनीत पर्व पर यातायात पुलिस नर्मदापुरम का अभियान त्यौहार पर बहनों को ले जा रहे भाइयों पर केंद्रित रहा। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के स्नेह और सुरक्षा का अनूठा संगम नर्मदापुरम में देखने को मिला।



यातायात पुलिस नर्मदापुरम एवं जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष पहल के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे भाइयों को सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट रूपी रक्षा सूत्र पहनाया गया। यातायात विभाग की इस अनूठी पहल के तहत बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चला रहे भाइयों को समझाया गया कि बहनों की रक्षा का वचन तभी पूरा हो सकता है जब आप सुरक्षित हों लेकिन बिना हेलमेट आप खुद ही सुरक्षित नहीं है।

इसके पश्चात डीएसपी यातायात द्वारा निःशुल्क हेलमेट प्रदान कर बहनों से भाइयों को हेलमेट रूपी रक्षा सूत्र पहनवाया गया और भाई से शपथ कराई गई कि मैं हेलमेट पहन कर सदैव सुरक्षित वाहन चलाऊंगा ताकि अपने रक्षा के वचन को निभा सकूं। डबल फाटक इटारसी रोड पर डीएसपी ट्रेफिक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में कुल 10 बहनों से निःशुल्क हेलमेट भाइयों को बंधवा कर शपथ दिलवाया गया। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल बैंक द्वारा सीएसआर में प्राप्त हुए थे जिन हेलमेट का यातायात पुलिस द्वारा जन जागरूकता के पुनीत उद्देश्य से योग्य चालकों को प्रदान किया जा रहा है। डीएपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा ने बताया कि हेलमेट पहनने हेतु जागरूकता की दृष्टि से जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर प्रयास था कि कम से कम भाइयों को यह संदेश पहुंचाया जा सके कि रक्षा बंधन पर बहन को दिए गए रक्षा के वचन को पूरा करने के लिए भाई का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

## हेलमेट जागरुकता अभियान की कलेक्टर ने समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हेलमेट अभियान की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अभियान अवधि के दौरान जिले में किए गए नवाचारों, कार्यवाहियों एवं जागरूकता गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा को निर्देश दिए कि वाहन विक्रेता नवीन वाहन खरीदी पर ग्राहकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट उपलब्ध कराएं।

साथ ही, पेट्रोल पंपों पर हेलमेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं डीएसपी ट्रैफिक संयुक्त रूप से जिले में हेलमेट की उपलब्धता की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

## खबर संक्षेप

### राजकुमार बने मेहरा समाज समिति के ब्लॉक अध्यक्ष



**सारणी।** क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाले प्रतिष्ठित व्यापारी राज कंप्यूटर के संचालक राजकुमार नागले को मध्यप्रदेश मेहरा समाज के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक नागले की अनुशंसा पर बैतूल जिला अध्यक्ष संतू सूर्यवंशी की सहमति से घोड़ाडोंगरी ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया है इस नियुक्ति पर राजकुमार नागले ने कहा कि में समाज के विकास एकजुटता उत्थान के लिए सर्वोपरि प्रयास करता रहूंगा समाज ने जो मुझ पर भरोसा करके मुझे दायित्व दिया है में समाज हित में कार्य करके उनके विश्वास पर खरा उतरने की पूर्ण कोशिश करूंगा।

### बैतूल के जंगल में गोकशी की कोशिश

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के झाड़ेगांव जंगल में गुरुवार देर रात गोकशी के प्रयास का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से मांस, धारदार हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। पुलिस ने थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फरियादी पवन मालवीय ने पुलिस को बताया कि उन्हें खबर मिली थी कि झाड़ेगांव के जंगल में कुछ लोग गोवंश वध की तैयारी कर रहे हैं। पवन ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जंगल से गोकशी से जुड़े अहम सबूत बरामद किए गए। पुलिस ने घटनास्थल से गोवंश वध में प्रयुक्त धारदार हथियार जब्त किए हैं। इनमें छुरा और कुल्हाड़ी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि यह मामला धार्मिक आस्था और कानून-व्यवस्था, दोनों दृष्टियों से संवेदनशील है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी तरह की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस का दावा है कि इस मामले में दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

### भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 11 अगस्त को

**बैतूल।** भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 11 अगस्त को सुबह 11.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित की जाएगी। कैप्टन आईएन श्री सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान स्पर्श सेवाओं की सहायता का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से बैठक में यथासमय में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### समीक्षा के बाद संयुक्त संचालक ने किया पौधारोपण

**बैतूल।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक आर एस मंडलोई शुक्रवार को आठनेर पहुंचे। स्थानीय विश्रामगृह में उन्होंने नगर परिषद आठनेर में प्रचलित सभी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, जलकर वसूली, सीएम हेल्पलाइन, निकाय के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई सहित अन्य समस्त योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। श्री मंडलोई के आठनेर आगमन पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप, उपाध्यक्ष विनय रामदयाल जीतपूरे तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के एस उइके द्वारा विश्रामगृह में पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।समीक्षा बैठक के बाद संयुक्त संचालक आर एस मंडलोई द्वारा हरित क्रांति अभियान के अंतर्गत स्थानीय पुलिस ग्राउंड के पास पौधारोपण किया गया। इस दौरान नगर परिषद के समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

---

### जिलेभर में धूमधाम से मनाया जायेगा रक्षाबंधन का त्यौहार

# रक्षाबंधन आज, बहनें पूरा दिन बांध सकेंगी भाईयों को राखी

**जगह-जगह लगी राखी की दुकान, बाजारों में रही भीड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आज जिलेभर में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस इस बार रक्षाबंधन पर बहनों को राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



9 अगस्त शनिवार को मनाए जा रहे रक्षाबंधन पर दिनभर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेंगी। वैसे रक्षाबंधन को लेकर शुक्रवार भी बाजारों में भारी भीड़ रही। जगह-जगह राखी की दुकानें लगी थी। भाईयों को राखी बांधने के लिए बहनों ने खरीदी की। इससे बाजारों में भीड़ देखने को मिली और बाजार भी गुलजार हो गये है। कोठीबाजार, गंज क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर करीब दो सैकड़ा से अधिक स्थानों पर राखी की दुकानें लगी हुई है। दुकानों पर बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां आई है, जो आकर्षण का भी केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा बड़ों के लिए भी कई वैरायटी की राखियां दुकानों में उपलब्ध है। शहर के राखी व्यापारी मट्टू जैन, सूर्यकांत सोनी ने बताया कि रेशम की धागों और मेटल की राखियां बहनों की पहली पसंद बन गई है। वहीं कार्टून वाली राखियों में डोरेमोन, छोटा भीम, मोटू- पतलू, स्पाइडर-मैन, सुपरमैन, शक्तिमान, हेलीकॉप्टर, डिजिटल घड़ी सहित रुद्राक्ष और अन्य किरदारों की राखियां की भरमार है और यह राखियां बच्चों की पहली पसंद बनकर उभर रही है। इन राखियों की शुरुआत कीमत 10 रुपए से लेकर 150 और 350 रुपए तक है।

#### 20 प्रतिशत बढ़े राखी के दाम

पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 20 प्रतिशत तक राखी महंगी हुई है। पिछले वर्ष जो राखी 10 से 20 रुपए बिक रहीं थी, इस बार वहीं राखियां 30 रुपए तक में बिक रही है। राखी के अलावा नारियल, कपड़ा, सराफा सहित अन्य सामग्री के दामों में भी वृद्धि हुई। चांदी महंगी होने से इस बार इसकी राखी भी महंगी है। मामाजी ज्वेलर्स के नवीन तातेड़ ने बताया कि चांदी के भाव में वृद्धि होने से डिजाइन वाली राखियों के दामों में बढ़ोतरी की गई है। कम वजनी राखियों को आकर्षक ढंग से बनाया गया है। जिससे कि ग्राहकों को बजट के हिसाब से राखी मिल सके। राखी के बाद ही एक के बाद एक त्योहार आते हैं, ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि महंगाई आगे भी जारी रहेगी।

#### शहर में सजी 200 से अधिक दुकानें

शहर के मुख्य चौक सहित मेन मार्केट में करीब 200 से अधिक छोटी-बड़ी राखी की दुकानें लगी है। महंगाई बढने से राखियां सहित चूड़े, रूमाल, श्रृंगार सामग्री के भाव में वृद्धि हुई है। राखी व्यापारी सूर्यकांत सोनी बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार स्टॉक कम किया है। ग्राहकों को जो सबसे अधिक पसंद है, ऐसी राखियों की ही खरीदी की है। जिससे कि उन्हें कम कीमत में अच्छी वस्तु उपलब्ध कराई जा सके। जिसमें 10 से लेकर 350 रुपए तक की राखियां की कई वैरायटी रखी गई है। बच्चों की सभी पसंदीदा कार्टून राखी भी बाजार में उपलब्ध है।

#### बाजारों में रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए रक्षासूत्र खरीदे, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को मनपसंद उपहार भेंट करने के लिए जमकर खरीदारी की। आज रक्षाबंधन है और इस दिन बहनें भाइयों का राखी यानी रक्षासूत्र बांधती है। इसे लेकर शुक्रवार शहर के बाजारों में ग्राहकों की खासी भीड़ देखी गई। रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र कोठीबाजार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। प्रमुख रूप से कोठी बाजार के सीमेंट रोड, लल्ली चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा बेरिकेड्स लगाकर व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा गंज क्षेत्र सहित कई पॉइंट पर पुलिस बल तैनात किया गया है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहक की भीड़ होने के कारण किसी तरह की अव्यवस्था न हो, या कोई घटना न घटे, इसको लेकर ये इंतजाम किए गए है।

#### 29 साल बाद बन रहा विशेष ग्रह योग

जानकार पंडितों के अनुसार रक्षाबंधन के दिन सूर्य और शनि समसप्तक योग में होंगे। सूर्य कर्क राशि में और शनि मीन राशि में रहेगा। यह संयोग 29 साल बाद बना है। साथ ही इस दिन आयुष्मान, स्थिर, हर्ष, विमल, विपरीत राज और धन योग भी बनेंगे, जिससे पर्व की शुभता और बढ़ेगी। इस साल रक्षाबंधन पर शनि और मंगल भी राशि परिवर्तन कर रहे हैं। शनि मीन में और मंगल कन्या राशि में रहेगा, जिससे भाई-बहन के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और रिश्तों में आई बाधाएं दूर होंगी। 8 अगस्त दोपहर 2.28 से 9 अगस्त दोपहर 2.23 तक श्रवण नक्षत्र रहेगा। मान्यता है कि श्रवण नक्षत्र में राखी बांधने से भाइयों की आयु में वृद्धि होती है।

---

### केरला एक्सप्रेस से हुई घटना

## ट्रेन की चपेट में आने से नर्सिंग कॉलेज इंदौर की छात्रा की मौत



**मुलताई।** मुलताई नगर के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आज एक दर्दनाक घटना सामने आई है जिसमें 19 वर्षीय युवती जो की नर्सिंग कॉलेज इंदौर की छात्रा थी कि केरला एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक युवती मुलताई स्टेशन पर उतरने का प्रयास कर रही थी जबकि भोपाल से नागपुर की ओर जाने वाली केरला एक्सप्रेस का मुलताई में स्टॉपेज नहीं है फिर भी उतरने की कोशिश में ट्रेन की चपेट में आने से युवती का शरीर कमर के पास से दो हिस्सों में बंट गया। यह ट्रेन सुबह 10 बजे मुलताई से गुजरती है। युवती केरला एक्सप्रेस में सवार थी और संभवतः मुलताई स्टेशन पर उतरने का प्रयास कर रही थी। ट्रेन की तेज गति के कारण वह असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गई और ट्रेन की चपेट में आ गई। इस हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

#### इंदौर नर्सिंग कॉलेज की छात्रा, परासिया की रहने वाली है

मामले की जांच कर रहे रेलवे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक के पास एक काले रंग का बैग मिला। बैग पर जीकेएम नर्सिंग कॉलेज, इंदौर लिखा हुआ था। बैग से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान तरुणा पिता वीरेंद्र घोरके गांधी मोहल्ला परासिया जिला छिंदवाड़ा के रूप में हुआ है।

## एयरफोर्स स्टेशन में लांस नायक ने किया सुसाइड

**बैतूल/ आमला।** आमला स्थित एयरफोर्स स्टेशन में ड्यूटी के दौरान एक जवान ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। जवान ने ठोड़ी के नीचे राइफल रखकर फायर किया। गोली उसके सिर के आर-पार हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात 1 बजे की है। प्रतिबंधित एरिया की घटना होने कारण जानकारी देरी से सामने आई। मृतक की पहचान सरोज कुमार दास के रूप में हुई है, वह रैंक लांस नायक और यूनिट 976 डीएससी प्लाटून 28 एड एयर फोर्स आमला में तैनात था। मूल रूप से सरोज ओडिशा का रहने वाला था। घटना के समय जवान की पत्नी आमला में मौजूद नहीं थी, इस कारण गुरुवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार को पत्नी के पहुंचने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया। शव को आमला सिविल अस्पताल भेजा गया। बीएमओ डॉ. नरवरे ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जवान आमला में अकेला रहता था, जबकि परिवार ओडिशा में रहता है। एसडीओपी एसके सिंह और एएसपी कमला जोशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल मौके पर भेजा गया था। बैतूल एसपी निश्चल एन झारिया ने बताया कि एयरफोर्स डिपो में लांस नायक सरोज ने सुसाइड किया है। शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जांच जारी है। एसआई अमित पवार ने कहा कि जवान को सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात उसके साथी ने देखा। यह आत्महत्या है या एक्सीडेंटल, अभी कहना जल्दबाजी होगी। क्योंकि जवान कई बार राइफल साथ में लेकर भी सोते हैं, अभी जांच शुरू हुई है। उनके किसी ऑफिशियल से चर्चा नहीं हो सकी है। पत्नी ने भी कुछ नहीं बताया है, और कहा कि मैं इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कह पाऊंगी।

---

## पेटोल पम्प संचालक नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बेच रहा पेट्रोल-डीजल

### रात्रि में केवल एक मशीन से पेट्रोल-डीजल का वितरण



**सारणी।** कांतिशिवा पेट्रोल पम्प सारणी में रात्रि के समय केवल एक ही मशीन से पेट्रोल/ डीजल का वितरण किया जाने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पम्प पर मौजूद दूसरी मशीन को रात होते ही बंद कर दिया जाता है। जिससे पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए आए वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। उपभोक्ता द्वारा पम्प कर्मी से बोला जाता है की अभी तो लगभा 10 ही बजे है। दूसरी मशीन से हमें पेट्रोल या डीजल दे दें तो वह कहते हैं कि एक ही मशीन रात्रि में हम चलते हैं दूसरी मशीन हम बंद कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर रात्रि में काम से लौटते समय उन्हें पेटोल या डीजल भरवाने में काफी समस्या होती है कई बार तो काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। कांति शिवा पेट्रोल पम्प पर नियम विरोध बेचा जा रहा पेट्रोल बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन में धड़ल्ले से दिए जा रहा है पेट्रोल। कांति शिवा पेट्रोल पम्प सारणी में कुपियों में पेट्रोल/डीजल धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। लगभग 1 महीने पूर्व तहसीलदार ने पम्प पर दौरा कर पम्प संचालक को निर्देश दिए गए थे कि यहां पर हवा का पम्प लगाया जाए और उपभोक्ताओं के लिए उत्तम पानी की व्यवस्था की जाए लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

#### जांच की जाएगी

इस मामले में जांच की जाएगी, और जांच करने के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी।
- आशीष कुमरे, खाद्य अधिकारी

### कैप्टन दीपक दयाल जिला बास्केटबॉल कोच नियुक्त

**बैतूल।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन बैतूल की बैठक कोच की नियुक्ति को लेकर संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से संघ द्वारा सेवानिवृत्त कैप्टन दीपक दयाल पवार को कोच नियुक्त किया है। अब कैप्टन दीपक दयाल पवार जिले के प्रतिभावान बच्चों को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम एवं अन्य ग्राउंड पर संघ की ओर से प्रशिक्षण देंगे।इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक अनीष वर्मा, अजय भार्गव, अध्यक्ष योगी राजीव खंडेलवाल, उपाध्यक्ष बलदेव अरोरा, मुकेश खंडेलवाल, सचिव रविन्द्र गोठी, सहसचिव हर्ष खातरकर, कोषाध्यक्ष डॉ.अमिनीत सरशोदे, कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे। इनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों, परिजनों सहित संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी है।

### मां ताप्ती भगवान शनि देव को बांधेगी 11 मीटर लंबी राखी

## ड्रीम्स प्ले की छात्राओं ने मां ताप्ती को जिले की सबसे लंबी राखी की भेंट



**मुलताई।** भाई बहन के पवित्र स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर नड्रिम्ज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले में सबसे लंबी 11 मीटर लंबी राखी बनाकर मां ताप्ती को समर्पित की। मां ताप्ती को रक्षा सूत्र भेंट करने वाली छात्राओं ने बताया कि यह राखी मां ताप्ती को इसलिए भेंट की जा रही है कि भाई बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर मां ताप्ती अपने भाई शनि देवता को यह रक्षा सूत्र बांध सके।

रक्षाबंधन पर इन्हीं स्कूली छात्राओं ने नगर की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था निर्माण करने का दायित्व निभाने वाले पुलिस अधिकारियों को भी रक्षा सूत्र बांधे। ड्रिम्ज प्ले सीबीएसई पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने मुलताई पुलिस थाना पहुच कर थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया एवं पुलिस कर्मियों को पूरे विधि विधान के साथ राखी बांधकर पवित्र रक्षाबंधन पर्व मनाया। छात्राएं जिले की सबसे लंबी राखी लेकर दोपहर को ताप्ती तट पहुंची जहां मां ताप्ती का पूजन कर भारत माता की जय एवं ताप्ती मैया की जय के उद्घोष के साथ विशाल राखी मां ताप्ती को समर्पित की और इस कामना के साथ मां ताप्ती अपने भाई शनि को इस रक्षाबंधन यह राखी बांधकर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की विशेष रूप से राखी को तिरंगा रंग में तिरंगा अभियान के तहत रंगों से सजाया गया तथा इस अवसर पर शिक्षक मनोज तिवारी का भी मार्गदर्शन बच्चों को रहा एवं संचालक तपन खंडेलवाल ने बच्चों की इस पहल को सराहा। प्राचीन मंदिर पर यह राखी भेट की गई तथा इसके पश्चात मुलताई पुलिस थाना पहुंच कर बच्चों ने रक्षा सूत्र बांधकर पुलिस कर्मियों एवं थाना प्रभारी डेहरिया से रक्षा का वचन लिया इस अवसर पर स्टाफ के अन्य लोग भी ताप्ती तट एवं थाना परिसर में मौजूद रहे।

---

### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने बैतूल में आयोजित मीडिया वर्कशॉप में पत्रकारों के प्रश्नों के दिए जवाब

# बैतूल जिले के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 21 हजार से अधिक की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 1 लाख 24 हजार 701 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ देते हुए जुलाई 2025 में कुल 1 करोड़ 8 लाख 59 हजार 82 रूपये की रियायत दी गई है, जिसमें बैतूल वृत्त के 63 उपभोक्ताओं को 21 हजार 312 रूपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं हेतु यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोडकर की जा रही है। यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक बैतूल वृत्त अनूप सक्सेना ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं, जैसे ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय बैतूल के सभाकक्ष में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक बैतूल-उत्तर अभय कुमार गोप, उप महाप्रबंधक बैतूल-दक्षिण भूपेन्द्र बघेल, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी, प्रबंधक (मानव संसाधन) प्रवीण वी.मिंज, प्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) कैलाश चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि ओम राठौर एवं राज्य सरकार के सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग रोमित उईके सहित सैंकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते महाप्रबंधक अनूप सक्सेना ने कहा कि स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। कार्यशाला के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हान किया तथा कार्यशाला में मीडिया के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिए गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक अनूप सक्सेना ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि शहर के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है। मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ-साथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है।

#### हर पंद्रह मिनट में डाटा अपडेट

उपभोक्ता अब उपाय एप के जरिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड देख सकते हैं। मीटर में भी के.डब्ल्यू लिखा रहता हैं जो घर का पूरा लोड बताता है, तथा केडब्ल्यूएच खपत (यूनिट ) बताता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं के यहाँ पर कितना किलोवॉट का लोड चल रहा हैं। इसके साथ ही उपाय एप के स्मार्ट मीटर में इंडिकेटर के माध्यम से यह अंदाजा लगाया जाना आसान हो गया कि किस-समय, किस प्रकार के उपकरण चलाए गए ताकि हरी लाइन से पता चल सकता है कि उस दौरान कितनी बिजली खपत हुई। स्मार्ट मीटर हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट करता है।

#### *दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट*

*कंपनी ने बताया है कि नए टैरिफ आर्डर के अनुसार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है। कंपनी ने कहा है कि यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। सामान्य मीटर उपभोक्ताओं को सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए, जिसमें सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। गौरतलब है कि मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बैतूल वृत्त अंतर्गत कुल 01 लाख 03 हजार 057 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाने हैं जिसमें से कंपनी द्वारा अब तक कुल 3 हजार 514 स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिये गये हैं।*

500 किलो चांदी

## स्कूटी सवार को अनाज से भरे ट्रक ने मारी टक्कर




**इटारसी।** औद्योगिक क्षेत्र खेड़ा में शुक्रवार शाम अनाज से भरे एक ट्रक ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां भीड़ लग गयी। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 09 केडी 6344 के चालक ने स्कूटी क्रमांक एमपी 05, एमजे 2404 के चालक तुलाराम यादव को टक्कर मार दी। टक्कर में स्कूटी सवार तुलाराम के पैरों में गंभीर चोट आने की जानकारी है, तुलाराम यादव खेड़ा के ही निवासी हैं। घटना के बाद वहां भीड़ लग गयी और ट्रक चालक भाग गया।

## नपाध्यक्ष ने सफाई दरोगा को लगाई फटकार

**इटारसी।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शुक्रवार सुबह 8:30 बजे बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष जब पटवा लाइन और द्वारकाधीश मंदिर क्षेत्र में पहुंचे, तो वहां जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए थे। सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों के पास गंदगी देखकर उन्होंने गहरी नाराजी जताई। नगरपालिका अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद सफाई विभाग के दरोगा को तत्काल तलब किया और सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों, प्रमुख बाजारों और रहवासी क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, संबंधित कर्मचारियों की ड्यूटी एवं उपस्थिति की भी सख्त मॉनिटरिंग की जाए। अध्यक्ष ने स्थानीय रहवासियों से भी सफाई को लेकर बातचीत की और सुझाव मांगे। कई लोगों ने बताया कि कचरा गाड़ी समय पर नहीं आती और कचरा कई बार सड़क पर फैला रहता है, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा बना रहता है। इस दौरान अध्यक्ष ने मौके पर ही सफाई कर्मचारियों की टीम बुलवाकर तत्काल सफाई कार्य शुरू करवाया और चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की लापरवाही सामने आई, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### मप्र जन अभियान परिषद् की बैठक संपन्न, हुई घर-घर तिरंगा अभियान पर भी चर्चा

# इस वर्ष माटी गणेश की स्थापना व पूजन के लिए होंगे मैदानी प्रयास

सोहागपुर नगर विकास प्रस्फुटन समिति की घर घर तिरंगा तथा माटी गणेश कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक गत दिवस आयोजित की गई है। इन आयोजनों की पूर्व तैयारी की चर्चा इस बैठक में की गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सबसे पहले बैठक में नगर विकास समिति के सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में नवांकुर मेंटर व प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीसी किशोर कड़ोले, अभिनव पालीवाल तथा ऋषभ गढ़वाल ने विचार व्यक्त किये। जानकारी अनुसार जन अभियान परिषद के राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाना है। ताकि सभी के मन में देशप्रेम की भावना जागृत हो। इसके अलावा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान का भाव सभी वर्गों के लोगों में जगाने के लिए घर घर तिरंगा-हर घर तिरंगा अभियान पर भी चर्चा की गई। तय किया गया है कि इस अभियान में समाजसेवियों, स्वयं सेवकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, व्यापारी संघ, धार्मिक संगठनों व निजी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से तिरंगा यात्रा रैलियों का आयोजन किया जायेगा। एवं ग्राम प्रस्फुटन समितियां ग्रामों में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ आयोजन को सफर बनाऐंगीं। तिरंगा यात्रा में महिलाओं की उपस्थिति बेहतर करने नगर समिति की महिला टीम प्रयास करेगी।

### माटी गणेश की हो स्थापना

परिषद् द्वारा श्री गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा स्थापना के पूर्व आमजनों से चर्चाकर माटी गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए भी बैठक में चर्चा की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपने खेत की माटी से स्वयं द्वारा निर्मित श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना करें। बैठक में गजेंद्र ठाकुर, सचिन विश्वकर्मा, कमल किरार, मंजु पंवार, पूजा, हरिमोहन, अखिलेश सहित बोदी, नगतरा, आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत ने हर घर स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ




सेमरी हरचंदः- हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की की शुरुआत। 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक मनाया जाएगा आज अभियान की शुरुआत करते हुए स्वच्छता प्रेरक अजय सिंह राजपूत ने स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शपथ दिलाई एवं अपील की हम सब एक होकर इस राष्ट्रीय पर्व को दीपावली रक्षाबंधन होली के त्योहार जैसा देश भक्ति का उत्सव मनाएं घर के आस-पास सफाई कर रोशनी कर घरों पर तिरंगा फहराएं शपथ समारोह में सचिव नगेंद्र सराठे सहायक सचिव निर्मल सिंह चौहान गणमान्य नागरिक शिक्षक गण पंचायत कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा आयोजन के लिए भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र भाजपा के आव्हान पर प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।यात्रा को लेकर भाजपा जिला नर्मदापुरम के निर्देश पर सोहागपुर मंडल की बैठक गुरुवार शाम की गई है। बैठक सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नगर स्थित कार्यालय पर की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रूप में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के लिए कार्यक्रम का निर्धारण, कार्यकर्ताओं की ज़िम्मेदारियां एवं कार्य वितरण किये जाएं व सुदृढ़ रणनीति बनाकर तिरंगा यात्रा में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से निवेदन किया कि समय पर उपस्थित होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

इस बैठक में नर्मदापुरम भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, विजय नन्नू छाबड़िया, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, वरिष्ठ भाजपा अभय खंडेलवाल, भगवान सिंह पटेल, रामबाबू रघुवंशी, रामकुमार ठाकुर, भाजयुमो मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, वसीम खान, दीपक साहू, ऋषभ गढ़वाल, मिथिलेश ठाकुर, अंकित कुबरे, पार्षदगण गौरव पालीवाल, रविशंकर उईके व आशीष विश्वकर्मा, शक्ति मेहरा , संध्या नागवंशी, सुधा विश्वास, पुष्पा वर्मा, सरिता चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने ली पीएम आवास अंतर्गत नप कर्मचारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप सभाकक्ष में गत दिवस एसडीएम प्रियंका भल्लावी एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने एक अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक मनाए जाने वाले पीएम आवास माह के लिए बैठक की। अधिकारियों ने बैठक में नप के वार्ड व आवास योजना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पीएम आवास योजना 2.0 में अब तक प्राप्त आवेदनों सहित योजना व मनाए जाने वाले पीएम आवास माह की विस्तृत समीक्षा बेठक में की गई है। वार्ड प्रभारियों को उक्त योजना के क्रियान्वयन संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दोनों अधिकारियों ने दिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) -2.0 का शुभारंभ किया था। जिसमें हितग्राहियों द्वारा आवास लाभ के लिये ऑनलाइन आवेदन किए गए है। बैठक में सोहागपुर नप उपयंत्री ब्रजेश खानोरकर, पीएम आवास योजना प्रभारी डीएस कुर्मी, नप प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, ओमप्रकाश दुबे आदि मौजूद रहे।

## प्रायमरी स्कूल की दीवार फांदकर घुस जाते हैं असामाजिक तत्व, कक्षों की संख्या भी सीमित

### जिला शिक्षा केन्द्र की टीम ने निरीक्षण कर शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय प्रायमरी स्कूल नई गरीबी लाइन का शुक्रवार को जिला शिक्षा केंद्र की टीम ने ओझा बस्ती के समीप स्थित भवन का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण न्यास कॉलोनी की पार्षद अमृता मनीष ठाकुर के विशेष आग्रह पर हुआ। पार्षद ठाकुर ने विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला परियोजना समन्वयक राजेश जायसवाल से चर्चा की गई थी।

विद्यालय की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई अत्यंत कम है, जिसके कारण रात्रि के समय असामाजिक तत्व परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही, बच्चों की संख्या बढ़ने के बावजूद कक्षों की संख्या सीमित है, जिससे पठन-पाठन व्यवस्था बाधित हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा केंद्र से इंजीनियर दीपक वर्मा एवं सलामत खान ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय की भौतिक स्थितियों का अवलोकन किया। दोनों इंजीनियरों ने समस्याओं की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र शासन को प्रस्ताव भेजने और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती आशा पटेल एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर भी उपस्थित रहे। श्री ठाकुर ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति और बच्चों की आवश्यकता को विस्तार से टीम के समक्ष प्रस्तुत किया। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि उक्त समस्याओं से नर्मदापुरम के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को भी अवगत कराया है। विधायक ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है।

## भाजपा मंडलों की बैठक में बनी कार्यक्रमों की रूप रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया भारतीय जनता पार्टी के दारा नगर मंडल पिपरिया ग्रामीण मंडल खापरखेड़ा ग्रामीण मंडल कि आगामी कार्यक्रमों कोलेकर बैठकका आयोजन किया गया जिसमें प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीला नवनीतनागपाल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर पिपरिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठकके दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारसे प्रकाश डाला गया। विधायक ठाकुर दास नागवंशी अपने उद्बोधन में बताया कि संगठन एवं सरकार के निर्देश अनुसार तिरंगा यात्रा 15 अगस्त एवं अन्यराष्ट्रीय कार्यक्रमों को लेकर बैठक काआयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनतापार्टी के द्वारा 10अगसत से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन किए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से 13 अगस्तसे १५ अगस्त तक हर घर तिरंगा अभिचलायाजावेगा। 14 अगस्त एवं 16 अगस्त को स्वर्गीय को स्वभाव ठाकरे की जन्म जयंती एवं स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम होंगे।

## मातृशक्ति ने हनुमानधाम मंदिर में किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला मंडल इटारसी ने हनुमानधाम मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हरियाली तीज महोत्सव अंतर्गत किया। समाज की सभी वरिष्ठ महिलाओं ने हनुमान जी का पूजन कर सुंदरकांड प्रारंभ करवाया।

इस अवसर पर पंडित नरेंद्र तिवारी ने भक्ति से परिपूर्ण संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण तथा सुहाग सामग्री प्रदान की गई तथा समाज की सुख समृद्धि हेतु सभी ने भगवान से प्रार्थना की। कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।

### राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**सोहागपुर।** नगर के सेंट पैट्रिक स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर 'राखी बनाओ प्रतियोगिता' आयोजि की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर सुंदर कला का प्रदर्शन किया और विभिन्न प्रकार की राखियों का निर्माण किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में संजना मिश्रा, तारा जायसवाल, प्रेम अमृता दुबे उपस्थित रही। जिसमें हाउस अनुसार कक्षा छटवीं में वंशिका तिवारी ब्लू हाउस व अर्पण सरोज रेड हाउस ने प्रथम स्थान पाया। कक्षा सातवीं में आनंदी विश्वकर्मा रेड हाउस ने प्रथम स्थान पाया।

## मूंग खरीदी का शासन नियमानुसार हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

क्षेत्र में सेवा सहकारी समितियांके माध्यम से लगभग ९केंदर बनाए गए थे। लेकिन धीरे-धीरे जगह कम पड़ने पर बढ़ा दिए गए हैं ७जूलाई से खरीदी गई मूंग समर्थन मूल्य पर जो ८अगसत २०२५को देर तक होती रही लेकिन अभी तक कोई किसान शेष रहने की सूचना नहीं है। लेकिन अभी तक खाली वेयरहाउस में खरीदी केंद्र शासन बनाता था। लेकिन पहली बार ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीतिक दबाव में जिनवेयरहास में पूर्व से ही लगभग २ वर्ष पहले की मूंग रखी थी। व्यापारी वर्ग की और उसी में खरीदी केंद्र बनाया गया है। जिसके कारण व्यापारी वर्ग की रखी मूंग खरीदने की सूची में शामिल हुई है। हम्माल का पैसा भी सरकार से लेकर सभीलोग लाभान्वित होंगे। राजनीति दबाबमे अमानक मूंग दाल सहित घटिया किस्म की खरीद हुई है लेकिन कुछ वेयरहाउस संचालक ने एफ ए क्यू हि खरीदी गई मूंग समर्थन वेयरहाउस, इशिता वेयरहाउस रायखेड़ी आदि में मूंग खरीदी हुई।

### स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत ग्राम में रैली निकाली



**माखन नगर।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग, अभियान जो 8 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है जिसमें अपने अपने ग्राम को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता की शपथ दिलाई ग्राम मे मुख्य मार्गो से रेली निकाली रैली में ग्राम में सच्छता रखने के नारे लगाए गए ग्राम बीकोर में वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण पाराशर ने ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मंगल सिंह उप सरपंच अर्जुन सिंह सचिव जीवन यादव सुशील उपाध्याय हरिशंकर दीक्षित सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हुए।

## संयुक्त संचालक के द्वारा किया गया स्कूल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकास खंड स्तरीय लोक कला प्रतियोगिता के शुभारंभ सत्रमे छात्र-छात्रा शिक्षक ऑन प्रतिभागियोंको संबोधित करतेहुए सांदीपनि वि मैं संयुक्त सचालक मनीष वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीयशिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चोंको उनकी रुचि के अनुरूप प्लेटफार्म प्रदान करना है। जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा से करियर का निर्माण कर सकें। पाचन निरीक्षण के दोरान कक्षाओं निरीक्षण किया गया। नवीन भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया गया।

हायरसेकेंडरी स्तरीय छात्र-छात्राओं से संवादकिया गया जिसमें दक्षता प्रति प्रगति कार्य आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य संजीव दुबे शिक्षक मनीष जैन परसोत्तम दुबे उपस्थित रहे ।

### पौसार पिपरिया से बना पिपरिया शहर का नाम

# इतिहास में पिपरिया की गाथा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत पिपरियाका नाम पिपरिया क्यों पड़ा इसके इतिहास को जानते है वह बताते हैं। जिनमें मुख्य रूप से अभी पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल उम्र ९५ वर्ष ने बताया कि पहले शोभागपुर बारे राजाओं की जागीर हुआ करती थी। सन १९४७मे देश आजाद हुआ तो सरकार ने विरासत को अधिग्रहीत करना प्रारंभ किया। गल्ला मंडी की जगह तथा सिविल अस्पताल की जगह भी शोभापुर के राजा की जागीर थी।पर देश आजाद हुआ तो कलेक्टर कार्यालय प्रारंभ होते हैं प्रसाशन ने भूमि अधिग्रहण कानून पास कर जमीन सरकारी




करना प्रारंभ किया था।सन १८५७मे मुंबई हावड़ा रेल प्रारंभ हुई हावड़ा औद्योगिक राजधानी थी और मुंबई आर्थिक राजधानी थी तो मुंबई हावड़ा रेल प्रारंभ हुई।आजादी के पूर्व पुरानी वस्ती को पौसार कहा जाता था।

पिपरिया में पीपल के पेड़ अधिक होने से पिपलिया नाम रखा गया था।लोग पौसार पिपरिया कहते थे। आजाद हुआ तो कलेक्टर एवं जिला होशंगाबाद बनने के बाद तहसील कार्यालय पचमढ़ी रोड पर सिंधी कॉलोनी के सामने वर्तमान में अशोक पटेल की कालोनी विकसित किया है। वहीं पर मुख्य मार्ग पर हुआ करती थी। फिर गांवके लोगों ने पिपरिया में रहना पसंद किया गया था।तो भारतीय जनता के द्वारा नाम परिवर्तन करते हुए पिपरिया कर दिया गया है। तथा पहले मील के पत्थर लगाए जाते थे।दुरी मील में गिनी जाती थी।जिसका मील का पत्थर साबित कर रहा है जिसे अंग्रेजों ने टूरिस्ट होटल के पास लगाया हैं।



## खबर संक्षेप



### कु.क्ष.यु.वाहिनी ग्राम की बैठक झाड़वीड़ा में हुई

रहटगांव। करीबी गांव झाडबीड़ा में कुर्मी क्षत्रिय युवा वाहिनी की ग्राम शाखा गठन बैठक की अध्यक्षता ग्राम इकाई अध्यक्ष हरिओम गौर द्वारा की गई। ग्राम के वरिष्ठ जन, युवा संगठन, के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, युवा वाहिनी के कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य ग्राम के प्रभारी एवं सह प्रभारी एवं ग्राम झाड़वीड़ा के युवा साथी उपस्थित रहे। युवा संगठन के अध्यक्ष पवन के अद्भुत उद्बोधन से बैठक की शुरुआत हुई। बैठक के दौरान ग्राम की एकता और अखंडता साफ देखी गई। बैठक की व्यवस्था मनीष महेन्द्र गौर, पवन गौर ने की है। बैठक में सर्व सहमति से अखिलेश गौर को प्रभारी एवं विशाल एवं मुकेश गौर को सह प्रभारी मनोनीत किया गया। युवा वाहिनी को रिकॉर्ड 85 समर्पित युवा साथी प्राप्त हुए। इस दौरान कुर्मी क्षत्रिय युवा वाहिनी और जिला समिति हरदा कुर्मी क्षत्रिय जयराम मुसरेला एवं मुकेश मुसरेला द्वारा 11 सौ-11 सौ रुपये दान दिया।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 6 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला, दूध डेयरी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 34 छीपानेर रोड़ में दबिश दी। दबिश के दौरान 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 260 किलो महुआ लाहन जप्त कर कुल 6 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 30200 रुपये है।

### 3 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 3 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किये है। जारी आदेश में उन्होंने सचिन पिता बाबूलाल केवट निवासी वार्ड क्रमांक 25 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड हरदा, रणजीत उर्फ सन्नी पिता अमर सिंह राजपूत निवासी भुन्नास तथा आदित्य उर्फ भूरा राजपूत पिता मानसिंह राजपूत निवासी विकास नगर हरदा को 6-6 माह के लिये जिलाबदर करने के आदेश जारी किये है। जिला बदर की अवधि में ये आरोपीगण हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### किसानों को भुगतान की सुदृढ़ व्यवस्था की

**हरदा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. नर्मदापुरम शाखा रहटगांव में समर्थन मूल्य मूंग उपार्जन अंतर्गत स्टेट बैंक हरदा से नगदी राशि प्राप्त कर भुगतान व्यवस्था सुदृढ कर ली गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम्-नोडल शाखा हरदा के नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रतिदिन किसानों को पेन कार्ड होने पर 50 हजार रूपये एवं पेन कार्ड नही होने पर 40 हजार रूपये नगदी भुगतान किया जा रहा है। प्रतिदिन पचास लाख से एक करोड़ के एनईएफटी व आर.टी.जी.एस किये जा रहे है। बडे भुगतान प्राप्तकर्ता किसानों को चेकबुक प्रदान की जा रही है। किसानों को समय पर भुगतान किया जा रहा है यही व्यवस्था बनाये रखी जावेगी।

### पीएमएफएमई योजना के संबंध में बैठक

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में (पीएमएफएमई) योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने उद्यानिकी विभाग की लक्ष्य पूर्ति, उद्यमियों को मार्केटिंग एवं पैकेजिंग के लिए प्रशिक्षण, उत्पाद के लिए स्थानीय बाजार, मशीन खरीदने के लिए इंपैनल्ड वेंडर एवं नवीन उद्यमियों को मार्गदर्शन तथा सफल उद्यमियों को पीएमएफएमई के तहत एंबेसडर निर्धारित करने के जानकारी ली।

राज्य प्रशासनिक सेवा में चयनित विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु को कलेक्टर ने संबोधित किया

# अधिकारी फील्ड की वास्तविकता से अवगत रहें, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि अधिकारियों को हमेशा फील्ड की वास्तविकता से अवगत रहना चाहिए। वे यह भी ध्यान रखें कि आमजन के हित के कार्य उनकी प्राथमिकता में शामिल हों। कलेक्टर श्री जैन शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर आये राज्य प्रशासनिक सेवा में चयनित विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक दिया। साथ ही जिले में हुए नवाचारों एवं समुदाय की जनकल्याणकारी कार्यों में भागीदारी के अध्ययन पर भी अपना आकलन प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में 3 से 8 अगस्त के बीच राज्य प्रशासनिक सेवा की विभिन्न सेवाओं के 17 अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति के अध्ययन के लिये भ्रमण पर आये थे।

### कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को बांस से निर्मित राखी बांधी

एमएसएमई की स्फूर्ति योजना के अंतर्गत संचालित बांस शिल्प क्लस्टर, हरदा की महिला कारीगरों ने शुक्रवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को बांस से निर्मित राखी बांधी।




इस अवसर पर एसपीव्ही डायरेक्टर शिखा जनोरिया के साथ कारीगर नीतू गौर, संगीत कैथवास व रूपवती कैथवास सहित अन्य महिला कारीगर उपस्थित रहीं। इस क्लस्टर से कुल 401 कारीगर जुड़े हैं, जिनमें से 250 से अधिक महिला कारीगर हैं। इन कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से न केवल इको-फ्रेंडली राखी, बल्कि कई तरह के बांस उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन उत्पादों में लैंप, मोबाइल स्टैंड, बैलगाड़ी, फ्लावर पॉट, नेशनल फ्लैग, ट्री गार्ड, पेन स्टैंड, वॉल डेकोर आइटम्स सहित विभिन्न होम और ऑफिस डेकोर उत्पाद शामिल हैं। कारीगरों के कौशल विकास के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किए गए हैं, जिनमें उन्नत उपकरणों का उपयोग और बेंचमार्क क्लस्टरों का अध्ययन दौरा शामिल है। इस पहल से स्थानीय कारीगरों को अपने पारंपरिक शिल्प को आधुनिक रूप देने का मौका मिला है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इस मौके पर क्लस्टर के सीडीई अशोक सेजकर भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने लिया स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा

### पहली बार एलईडी पर लाइव होगा मुख्यमंत्री का संदेश



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम अशोक डेहरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर जैन ने मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश के लाइव प्रसारण, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रशस्ति पत्र वितरण जैसी गतिविधियों की मिनट-टू-मिनट रूपरेखा की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पहली बार राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री का संदेश एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएगा। कलेक्टर जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्वों को पूरी गंभीरता के साथ पूर्ण किया जाए। स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल 14 अगस्त को कार्यक्रम स्थल वीरांगना लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर आयोजित की जाएगी।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की 34 हितग्राहियों के खाते में की 27.76 लाख की राशि अंतरित




**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवासी समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, संयुक्त कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व हितग्राही उपस्थित थे। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दौरान जिले के 34 हितग्राहियों के बैंक खातों में 27.76 लाख रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान हरदा तहसील में मकान क्षति के 2 प्रकरणों में कुल 11 हजार रूपये व अन्य क्षति के 1 प्रकरण में 4 हजार रूपये तथा तहसील हंडिया में जनहानि के 3 प्रकरणों में कुल 12 लाख रूपये तथा फसल क्षति के 1 प्रकरण में 70470 रूपये की राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार खिरकिया तहसील में जनहानि के 1 प्रकरण में 4 लाख रूपये, कपड़ा बर्तन व खाद्यान्न क्षति के 3 प्रकरणों में 15 हजार रूपये व अन्य क्षति के 5 प्रकरणों में 41 हजार रूपये तथा तहसील सिराली में जनहानि के 2 प्रकरणों में 8 लाख रूपये, कपड़ा बर्तन व खाद्यान्न क्षति के 2 प्रकरणों में 8500 रूपये की राशि अंतरित की। टिमरनी तहसील में मकान क्षति के 1 प्रकरण में 3200 रूपये तथा अन्य क्षति के 2 मामलों में 82412 रूपये तथा रहटगांव तहसील में मकान क्षति के तीन प्रकरणों में 41600 रूपये, फसल क्षति के 5 प्रकरणों में 6300 रूपये तथा अन्य क्षति के 3 प्रकरणों में 36 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई।

### 31 अगस्त तक ई-केवायसी कराएं

**सीहोर।** जिले के समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में जिले में 4974 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर बालापगुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 31 अगस्त तक पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाये। इस संबंध में इस संबंध में शासन के सामाजिक न्याय एव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य है।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया

### देशभक्त महापुरुषों की चित्र की थीम पर हुई प्रतियोगिता

**हरदा।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा शुक्रवार को तिरंगा, स्वच्छता एवं देशभक्त महापुरूषों की चित्र की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पीएम श्री महाविद्यालय हरदा में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रशासनिक अधिकारी बी.के. बिछोदिया एवं ब्लॉक समन्वय सलमा खान, प्राध्यापक कन्हैया लाल मालवीय एवं बसंत राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों को हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई गई। यह प्रतियोगिता निर्णायक प्रियंका राय, गुंजन सोलंकी, आशा गायकवाड के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मंच का संचालन बसंत सिंह राजपूत ने किया। प्रतियोगिता में हर घर तिरंगा थीम पर प्रथम स्थान मॉडल पब्लिक हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा की रिया पटेल, द्वितीय स्थान कन्या शाला हरदा की अलसिफा एवं तृतीय स्थान शा. उत्कृष्ट विद्यालय हरदा की छात्रा प्रियांशी बिल्लौरे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार हर घर स्वच्छता अभियान के तहत प्रथम स्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अक्षरा, द्वितीय स्थान जोनर एजुकेशन स्कूल हरदा की मुस्कान अली एवं तृतीय स्थान द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा की सिद्धि चौधरी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महापुरूषों के चित्र आधारित रंगोली में प्रथम स्थान सेंट मेरी कोएड स्कूल हरदा की आचमन गार्गव, द्वितीय स्थान मॉडल पब्लिक स्कूल हरदा की आरती राजपूत एवं तृतीय स्थान संस्कार विद्यापीठ हरदा की रिषिका किरार रहे।



पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई 1.0 का हुआ विमोचन

## पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की 20 ग्राम पंचायतों का चयन किया

**हरदा।** जिला पंचायत हरदा में पंचायत उन्नत सूचकांक पी.ए.आई 1.0 वर्ष 2022-23 का विमोचन एवं प्रचार प्रसार के लिये जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जिले की 20 ग्राम पंचायतों का चयन किया, जिसमें सशक्त पंचायत सतत विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी एवं कुशल बनाने में किये गये कार्य के आधार पर पंचायत विकास सूचकांक पी.ए.आई 1.0 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जिले की ग्राम पंचायत कालधड़ को प्रथम पुरस्कार राशि 11 हजार रूपये, ग्राम पंचायत खमलाय को द्वितीय पुरूस्कार 7100 रूपये, ग्राम पंचायत बावड़िया को तृतीय पुरस्कार 5100 रूपये प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत गहाल, मसनगांव, सोनतलाई, सोमगांवकला, चारूवा, मांगरूल एवं ग्राम पंचायत धनवाड़ा को 2100 रूपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। ग्राम पंचायत पहटलकला, रोलगांव, पटाल्दा, पलासनेर, बिछोलामाल, कमताड़ा, डगावाशंकर, रैसलपुर, झाड़पा नवीन एवं चौकड़ी को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने सम्मानित पंचायतों के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने जो कार्य किये हैं, वह सराहनीय है तथा इससे प्रेरित होकर अन्य पंचायतें भी इस दिशा में अग्रसर होंगी।




अंधत्व निवारण कार्यक्रम

## नेत्र परीक्षण कर 26 बच्चों को चश्में के नंबर प्रदान किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कार्यक्रम 1 से 21 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा बच्चों का दृष्टि परीक्षण कर दृष्टि दोष से पीड़ति बच्चों को चिन्हित कर कार्यक्रम अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों में ला कर बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर नेत्ररोग सहायक के द्वारा बच्चों के चश्में के नम्बर प्रदाय किये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया में कन्या प्राथमिक शाला हंडिया एवं पीएम श्री माध्यमिक शाला हंडिया के बच्चों का नेत्र परीक्षण नेत्र रोग सहायक आर.एस कटारे द्वारा किया गया। इस दौरान 26 बच्चों को चश्में के नम्बर प्रदाय किये गये। डॉ. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी बच्चों को निःशुल्क चश्में उपलब्ध कराये जायेंगे। इसी तरह जिला चिकित्सालय हरदा, विकासखण्ड टिमरनी एवं खिरकिया में भी बच्चों का नेत्र परीक्षण किये जा रहे हैं। शिक्षकों से अपेक्षा है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बच्चो का नेत्र परीक्षण अवश्य कराएं।

## टिमरनी के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लिए, रिपोर्ट पर कार्रवाई होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शुक्रवार को टिमरनी के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टिमरनी के अर्चना स्वीट से पेड़े, गुप्ता मिष्ठान भंडार से नमकीन तथा राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिठाई के सैंपल लिये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।

## नपा के व्यवस्थित इंतजामों से श्रद्धालुओं को मिली राहत...

**सीहोर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में नपा ने शहर में निकली भव्य कांवड़ यात्रा के लिए बेहतरीन और व्यवस्थित इंतजाम किए। इन व्यवस्थाओं की वजह से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। नपा की ओर से किए गए पुख्ता इंतजामों की शहरवासी सोशल मीडिया के माध्यम से सराहना भी कर रहे हैं। नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने 'हरिभूमि' से बात करते हुए बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता थी। इसके लिए सीवन नदी पुल पर दोनों तरफ नल लगवाए गए, जिससे श्रद्धालु नदी में उतरे बिना ही जल भर सकें। इससे सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई। इसके अलावा महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीवन नदी तट पर अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए गए, जिससे उन्हें कपड़े बदलने में आसानी हुई। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। नदी घाट पर एक बड़ा टेंट लगाया गया, जहां रात के समय कांवडियों ने आराम किया।

कांवड़ यात्रा में शामिल होने डीजे देशभर से सीहोर पहुंचे थे

# कांवड़ यात्रा में शामिल 8 डीजे पर एफआईआर दर्ज

**सीहोर।** सीहोर में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल 8 डीजे संचालकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तेज आवाज में डीजे बजाने, ध्वनि प्रदूषण फैलाने और हाईवे पर यातायात बाधित करने के आरोप में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। ये सभी डीजे देशभर से सीहोर पहुंचे थे।

### डीजे की आवाज से दहला सीहोर, श्रद्धालु परेशान

यात्रा के दौरान डीजे संचालकों ने निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा वॉल्यूम पर साउंड सिस्टम बजाया। इसके चलते श्रद्धालुओं को असुविधा हुई और हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं चरमरा गईं। प्रशासन ने शुरुआत में कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन अब पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शपथ लेते ही साफ कर दिया था कि प्रदेश में कहीं भी तेज आवाज में डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजेंगे।




धार्मिक आयोजनों में भी साउंड सिस्टम नियंत्रित रखने के निर्देश दिए गए थे। सीहोर की यह कार्रवाई सरकार की उसी नीति का हिस्सा है। इनके डीजे वाहनों में तय मानक से बड़े साउंड सिस्टम लगे थे, जिससे न केवल ध्वनि प्रदूषण फैला, बल्कि कांवड़ यात्रा की पवित्रता भी प्रभावित हुई।

**मौतें और अव्यवस्थाएं बनीं बड़ी चिंता :** दो दिन में यात्रा से जुड़े 7 श्रद्धालुओं की मौत ने आयोजन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। भीड़ नियंत्रण, प्राथमिक चिकित्सा और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ देखा गया। लेकिन आज तक आयोजन के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी 8 डीजे वाहनों को जप्त किया।

### देशभर से आए थे डीजे ऑपरेटर

जिन डीजे ऑपरेटरों पर केस दर्ज किया गया है, उनमें शामिल हैं: त्रिनेत्र डीजे, गुजरात, कसाना डीजे उत्तर प्रदेश, नटराज डीजे, भोपाल, बाबा डीजे सीहोर, धुमाल डीजे झारखंड, प्रशांत डीजे महाराष्ट्र, पावर जोन डीजे छत्तीसगढ़, एमजे साउंड मेरठ।